दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 24-02-2026

# एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं: प्रो. राम पाल

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय राज्य स्तरीय (स्टेट यूनिवर्सिटी लेवल) विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वीसी प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



जींद. स्वयंसेवकों को जागरूक करते हुए मुख्य अतिथि।

उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्रभक्ति और सामुदायिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर कुलगुरु के ओएसडी डॉ. विजय कुमार ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर मिलता है।

शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों से आए लगभग 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता रैली, स्वास्थ्य एवं योग सत्र, सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल का विकास किया जा रहा है।

पंजाब केसरी
TUE,24 FEBRUARY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

# एन.एस.एस. युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम : वी.सी.

जींद, 23 फरवरी (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के 7 दिवसीय राज्य स्तरीय (स्टेट यूनिवर्सिटी लैवल) विशेष शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। शिविर दौरान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉक्टर राम पाल सैनी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

कुलगुरु ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्र भक्ति और सामुदायिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उनके साथ उनके ओ.एस.डी., डॉ. विजय कुमार भी उपस्थित रहे।

उन्होंने शिविर की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर मिलता है।

शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों से आए लगभग 200 स्वयंसेवक (100 छात्र एवं 100 छात्राएं) भाग ले रहे हैं। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता रैली, स्वास्थ्य एवं योग सत्र, सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल का विकास किया जा रहा है।

कार्यक्रम दौरान एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने कुलगुरु का स्वागत किया तथा शिविर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों ने भी अपने अनुभव सांझा किए और विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

अंत में कुलगुरु ने शिविर के सफल आयोजन के लिए एन.एस.एस. समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

अमर उजाला

Date24.02.2026

# सीआरएसयू में कुलपति ने युवाओं को दिया सेवा व अनुशासन का मंत्र

## ओएसडी ने शिविर की गतिविधियों का अवलोकन कर स्वयंसेवकों की सराहना की

संवाद न्यूज एजेंसी



स्वयंसेवकों को संबोधित करते कुलपति प्रो.डॉ. रामपाल सैनी। स्रोत : विवि

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय राज्यस्तरीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सोमवार को कुलपति प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्रभक्ति और सामुदायिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

ओएसडी डॉ. विजय कुमार ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर मिलता है। शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों से आए लगभग 200 स्वयंसेवक (100 छात्र व 100 छात्राएं) भाग ले रहे हैं। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता रैली, स्वास्थ्य एवं योग सत्र, सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल का विकास किया जा रहा है।

दैनिक जागरण

Date24.02.2026

# एनएसएस युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम : प्रो. रामपाल सैनी



एनएसएस शिविर में जानकारी देते कुलपति प्रो. रामपाल सैनी। ● सीआरएसयू

**जागरण संवाददाता** ● **जींद** : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तहत सोमवार को कार्यक्रम में कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्रभक्ति और सामुदायिक सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने शिविर की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर मिलता है। शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों से आए 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, जागरूकता रैली, स्वास्थ्य व योग सत्र, सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल का विकास किया जा रहा है।